(2)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज राकेश कुमार परमार बनाम लो0सू0अधि0 (जिला रसद अधिकारी धौ0) प्रथम अपील (मु0संख्या 13/2022) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (जीसीएमएस न0 2022/21)	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
31.03.2022	अपीलान्ट अनुपस्थित। पैरोकार सरकार उपस्थित। अपीलान्ट ने यह प्रथम अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी एंव जिला रसद अधिकारी धौलपुर द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण पेश की है। लोक सूचना अधिकारी को अपील की प्रति भिजवाई जाकर उनसे टिप्पणी प्राप्त की गई। लोक सूचना अधिकारी एंव जिला रसद अधिकारी धौलपुर ने अपने पत्र कमांकः रसद/सू.अ./2022/1030 दिनांक 31.03.2022 के द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी/रिपोर्ट में अवगत कराया है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत चाही गई सूचना बिन्दु संख्या 2 की सूचना आवेदक को कार्यालय के पत्रांक रसद/सू.अधि./2022/903 दिनांक 24.03.2022 के जरिये रजिस्टर्ड डांक द्वारा भिजवाई जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या–4 की सूचना कार्यालय से सम्बधित नहीं होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत सम्बधित विकास अधिकारियों को स्थानान्तरित की गई है जिसके पत्र की प्रति संलग्न कर पेश की है। अतः हमने लोक सूचना अधिकारी एंव जिला रसद अधिकारी धौलपुर द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी/रिपोर्ट का अवलोकन किया। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत बिन्दूं संख्या 2 व 4 की सूचना लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी धौलपुर से चाही गई। बिन्दु संख्या 2 की सूचना आवेदक को कार्यालय के पत्रांक रसद/सू.अधि./2022/903 दिनांक 24.03.2022 के जरिये रजिस्टर्ड डांक द्वारा भिजवाई जा चुकी है तथा बिन्दु संख्या–4 की सूचना कार्यालय से सम्बधित नहीं होने के कारण सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(3) के तहत सम्बधित विकास अधिकारियों को स्थानान्तरित की गई है जिसके पत्र की प्रति संलग्न कर पेश की है। अतः प्रकरण में आगे कार्यवाही किया जाना उचित नहीं है। अतः प्रथम अपील, अपीलान्ट इसी स्तर पर निस्तारित की जाती है। लोक सूचना अधिकारी एवं जिला रसद अधिकारी धौलपुर से प्राप्त रिपोर्ट की प्रति अपीलान्ट को उपलब्ध कराई जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफतर हो नम्बर से कम की जावे।	

(आर0 के0 जायसवाल)
जिला कलक्टर, धौलपुर